नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

प्रलिम्सि के लयि:

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, राष्ट्रीय शक्षिा नीति, 2020

मेन्स के लयि:

युवाओं को शक्षिति करने की आवश्यकता और देश के वकिास में उनकी भूमकिा, सरकारी नीतयिाँ और हस्तक्षेप

चर्चा में क्यों?

हांल ही में सरकार ने राष्ट्रीय शक्षिा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप **प्रौढ़** शक्षिा के सभी पहलुओं को कवर करने हेतु वर्ष 2022-2027 की अवधि के लयि **"नव भारत साक्षरता कार्यक्रम"** को मंज़ूरी दी है।

- यह बजट **2021-22** के अनुरूप है, जसिमें संसाधनों, प्रौढ़ शक्षिा को कवर करने वाले ऑनलाइन मॉड्यूल तक पहुँच में वसि्तार की घोषणा की गई थी।
- "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" का अनुमानति कुल परविय्य 1037.90 करोड़ रुपए है, जसिमें वर्ष 2022-27 के लयि क्रमशः 700 करोड़ रुपए का केंद्रीय हसि्सा और 337.90 करोड़ रुपए का राज्य हसि्सा शामलि है।
- देश में **प्रौढ़ शक्षिा** का नाम बदलकर अब **'सभी के लयि शक्षिा'** कर दयिा गया है

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य:

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और अंकगणति की शक्षिा प्रदान करना है बल्कि उन अन्य घटकों को भी शामलि करना है जो 21वीं सदी के नागरकिों के लयि आवश्यक हैं।
- अन्य घटकों में शामलि हैं:
  - **महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल** (वति्तीय साक्षरता, डजिटिल साक्षरता, वाणज्यकि कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता, बाल देखभाल एवं शक्षिा, तथा परविार कल्याण आदि)।
  - **व्यावसायकि कौशल वकिास** (स्थानीय रोज़गार प्राप्त करने की दृष्टि से)।
  - **बुनयिादी शक्षिा** (प्रारंभकि, मध्य और माध्यमकि स्तर की समकक्षता सहति)।
  - **सतत् शक्षिा** (कला, वज्ञिान, प्रौद्योगकिी, संस्कृति, खेल और मनोरंजन में समग्र वयस्क शक्षिा पाठ्यक्रम, साथ ही स्थानीय शक्षिार्थयिों हेतु रुचि के अन्य वषियों का उपयोग जैसे महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल पर अधकि उन्नत सामग्री सहति)।

योजना का क्रयिान्वयन

- योजना को स्वयंसेवा (Volunteerism) द्वारा ऑनलाइन मोड के माध्यम से लागू कयिा जाएगा।
  - स्वयंसेवकों के प्रशक्षिण, अभविन्यिास, कार्यशालाओं का आयोजन प्रत्यक्ष मोड के द्वारा कयिा जा सकता है। योजना से संबंधति सभी सामग्री और संसाधन डजिटिल रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे।
- वद्यिालय योजना के क्रयिान्वयन हेतु इकाई होगा।
  - वद्यिालयों का उपयोग लाभार्थयिों और स्वैच्छकि शक्षिकों का सर्वेक्षण करने के लयि कयिा जाएगा।

योजना में शामलि लोग:

- देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधकि आयु के गैर-साक्षर लोग।
- राष्ट्रीय सूचना वज्ञिान केंद्र, NCERT और NIOS के सहयोग से 'ऑनलाइन टीचगि, लर्नगि एंड असेसमेंट सस्टिम (OTLAS)' का उपयोग करके प्रतविर्ष 1 करोड़ की दर से 5 करोड़ शक्षिार्थयिों का लक्ष्य नर्धिारति कयिा गया है।
- **योजना की आवश्यकता:**

- वर्ष 2011 की **जनगणना** के अनुसार, देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के निरक्षरों की कुल संख्या 25.76 करोड़ (पुरुष 9.08 करोड़, महिलाएँ 16.68 करोड़) है।
- साथ ही वर्ष 2009-10 से वर्ष 2017-18 तक लागू '**साक्षर भारत कार्यक्रम**' के तहत साक्षर के रूप में प्रमाणित 7.64 करोड़ लोगों को ध्यान में रखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि वर्तमान में भारत में लगभग 18.12 करोड़ वयस्क निरक्षर हैं।

इससे संबंधित अन्य पहलें:

- **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC):** इसका उद्देश्य बड़े, गुणवत्तापूर्ण और लाभकारी व्यावसायिक संस्थानों के निर्माण को उत्प्रेरित करके कौशल विकास को बढ़ावा देना है। यह उद्यमों, कंपनियों और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संगठनों को वित्तपोषण प्रदान करके कौशल विकास में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।
- **डिजिटल इंडिया कार्यक्रम:** यह कई मौजूदा योजनाओं का पुनर्गठन करता है, जिसके पश्चात् उन्हें सक्रिनाइज़ तरीके से लागू किया जाता है।
- **प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान:** यह नागरिकों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के लक्ष्य के साथ देश की सबसे बड़ी पहलों में से एक है।
- **राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन:** इसका उद्देश्य वर्ष 2020 तक महत्त्वपूर्ण डिजिटल साक्षरता कौशल के साथ प्रति परिवार कम-से-कम एक व्यक्ति को सशक्त बनाना है।
- **समग्र शिक्षा:** यह स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिये पूर्व-विद्यालय से बारहवीं कक्षा तक की विद्यालयी शिक्षा हेतु एक एकीकृत योजना है।

आगे की राह

- दुनिया भर में शिक्षा प्रणालियों के तहत बच्चों और कामकाजी वयस्कों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिये ताकि वे पढ़ना-लिखना सीख सकें। राष्ट्रीय शैक्षिक योजनाओं में बच्चों हेतु विद्यालयी शिक्षा और वयस्कों के लिये साक्षरता प्रशिक्षण समानांतर रूप में शामिल होना चाहिये।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-india-literacy-programme